छात्राओं को सर्वांगीण विकास करने के लिए किया प्रेरित

- नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में एनएसएस का सात दिवसीय कैम्प संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'सात दिवसीय विशेष शिविर' का समापन समारोह सोमवार को मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने मुख्य अतिथि बचपन डे केयर सेंटर के कोऑर्डिनेटर विजयलक्ष्मी एवं त्रिवेणी नगर वार्ड के सभासद राजीव बाजपेई के साथ मिलकर मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। प्राचार्या ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं पौधा देकर के स्वागत एवं सम्मानित किया। साथ ही छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें सात दिवसीय विशिष्ट शिविर की सफलता से पूर्ण होने की बधाई दी एवं छात्राओं को समाज एवं अपना सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवी छात्राओं ने गणेश वंदना, एनएसएस गीत, एकल नृत्य, समूह नृत्य, मतदान विषय पर नुक्कड़ नाटक, कविता एवं भाषण जैसे उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एनएसएस के दोनों यूनिट, यूनिट 1 से कशिश सोनकर एवं यूनिट 2 से त्रिशा दीक्षित को उत्कृष्ट स्वयंसेवक चयनित कर सम्मानित किया गया। विगत छः दिन में हुये प्रतियोगिता का परिणाम व पुरस्कार दिए गये। प्रतियोगिता के परिणाम क्विज में लक्ष्मी कश्यप, त्रिशा दीक्षित, वैष्णवी शुक्ला, पोस्टर में श्रुति चौहान, बबिता द्विवेदी, अर्पिता शर्मा, तत्क्षण भाषण में आराधना यादव, त्रिशा दीक्षित, अर्पिता शर्मा मिला। मुख्य अतिथि विजय लक्ष्मी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि सेवा ही इंसान का सबसे उच्च गुण है एवं यह मानव जीवन का विकास करती है। विशिष्ट अतिथि राजीव बाजपेई ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सही मतदान के प्रति प्रेरित किया और कार्यक्रम की प्रशंसा की।

नारी शिक्षा निकेतन कालेज में विजेताओं को किया सम्मानित

नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया ● सौजन्यः कालेज

जासं, लखनऊ : नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बचपन डे केयर सेंटर की समन्वयक विजयलक्ष्मी और त्रिवेणी नगर वार्ड के पार्षद राजीव बाजपेई को प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा ने स्मृति चिह्न एवं पौधा देकर के सम्मानित किया। इस अवसर पर छह दिनों में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। एनएसएस यूनिट एक से कशिश सोनकर, यूनिट दो से त्रिशा दीक्षित को उत्कृष्ट स्वयंसेवक चयनित कर सम्मानित किया गया। क्विज प्रतियोगिता में लक्ष्मी कश्यप, त्रिशा दीक्षित, वैष्णवी शुक्ला, पोस्टर में श्रुति चौहान, बबिता द्विवेदी, अर्पिता शर्मा, तत्क्षण भाषण में आराधना यादव, त्रिशा दीक्षित, अर्पिता शर्मा को पुरस्कार दिया गया।